# अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 15 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल-प्रतिपदा
विक्रम संवत-2083

**PAGE NO: 06 BOTTOM**


प्रतिभाग

**अंडर-14 मनीष क्रिकेट कप में मंगलवार को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए**

# केपीएस और एसआरएमएस जूनियर ने फाइनल में बनाई जगह

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरेली।** मनीष क्रिकेट एकेडमी की ओर से आयोजित किए जा रहे अंडर-14 मनीष क्रिकेट कप में मंगलवार को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए केपीएस और एसआरएमएस जूनियर की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर फाइनल का टिकट पक्का कर लिया है।

मंगलवार को प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच एसआरएमएस जूनियर और एसआरएमएस ब्लू के बीच खेला गया। एसआरएमएस जूनियर ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए दो विकेट से जीत दर्ज की। मैच में एसआरएमएस ब्लू की ओर से अंशुमन कश्यप ने 42 रनों की जुझारू पारी खेलकर टीम को संभालने का प्रयास किया।

गेंदबाजी में एसआरएमएस जूनियर के गेंदबाजों का दबदबा रहा, जिसमें मोहम्मद समीर, हिमांशु गंगवार और मोहम्मद सर्राफ अली ने दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस जूनियर की तरफ से आयुष करन ने सूझबूझ से बल्लेबाजी करते हुए 18 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। हालांकि, एसआरएमएस ब्लू की तरफ से अंशुमन कश्यप ने गेंद से भी कमाल दिखाते हुए सर्वाधिक चार विकेट झटके, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। एसआरएमएस जूनियर को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले आयुष करन को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला केपीएस क्रिकेट एकेडमी और मनीष क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला गया। केपीएस ने मनीष क्रिकेट एकेडमी को 19 रनों से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया।

केपीएस की इस जीत के सूत्रधार प्रिंस रहे, जिन्होंने बल्लेबाजी में 18 रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में भी दो महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। प्रिंस के इस बेहतरीन योगदान के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अब मनीष क्रिकेट कप के प्रतिष्ठित खिताब के लिए केपीएस और एसआरएमएस जूनियर की टीमें फाइनल मुकाबले में आमने-सामने होंगी, जहां दोनों के बीच खिताबी भिड़ंत देखने को मिलेगी।



अंडर 14 मनीष क्रिकेट कप में शॉट लगाता खिलाड़ी। स्रोत : आयोजक